भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं.1334

11 मार्च, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

डीएजेजीयूए के अंतर्गत एनएएम हस्तक्षेप

1334. श्री येर्रम वेंकट सुब्बा रेड्डी:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मंत्रालय ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीएजेजीयूए) के अंतर्गत राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) हस्तक्षेपों की पहचान की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा आंध्र प्रदेश में इसके कार्यान्वयन की वर्ष-वार और जिला-वार स्थिति क्या है;

(ग) क्या यह सच है कि उक्त योजना के अंतर्गत 700 पोषण वाटिकाओं का निर्माण करने का लक्ष्य है और, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या उक्त योजनओं के अंतर्गत किसी भी परियोजना में समय और लागत में वृद्धि हुई है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं; और

(च) यदि कोई देरी हुई है, तो उसकी वर्तमान स्थिति क्या है और उन परियोजनाओं के कब तक पूरी होने की संभावना है?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (च): केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विभिन्न मंत्रालयों के माध्यम से, दिनांक 2 अक्टूबर, 2024 को, वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक कार्यान्वित किए जाने हेतु, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीएजेजीयूए) के तहत राष्ट्रीय आयुष मिशन की केंद्रीय प्रायोजित योजना के माध्यम से जनजातीय क्षेत्रों में 700 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) के लिए पोषण वाटिका की स्थापना सहित विभिन्न गतिविधियों/हस्तक्षेपों को अनुमोदित किया है और आरंभ किया है।

*****